देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 104 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...क्या करेगा ट्राई



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 21 जुलाई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 28.0⁰ न्यूनतम 22.0⁰

36033.06

2 भारतीय सेना की तैयारी से घबराया चीन

7 वर्ल्ड कप पर टिका आईपीएल का भविष्य

# स्थानीय स्तर पर कम्युनिटी ट्रांसमिशन

## एम्स के डायरेक्टर का बयान, कम्यूनिटी स्प्रेड को लेकर पर्याप्त सबूत नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बयान के बाद लोगों में कम्यूनिटी ट्रांसमिशन को लेकर चिंता हो गई है। एम्स के डायरेक्टर डॉ रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण से मृत्यु दर दूसरे देशों से काफी कम है। अगर हम बात इटली, स्पेन या फिर अमेरिका की करें, तो हमें अच्छी तरह से पता है कि वहां क्या हुआ है। सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिणपूर्वी देशों में मृत्यु दर कम है।

कम्युनिटी ट्रांसमिशन के बारे में रणदीप गुलेरिया ने कहा कि देश भर में यह हो रहा है इसके पर्याप्त सबूत नहीं हैं। लेकिन देश में कई हॉटस्पॉट हैं, शहरों में केस काफी बढ़ रहे हैं, जिससे ऐसा कहा जा सकता है कि वहां लोकल ट्रांसमिशन हो रहा है। यही वजह है कि हॉटस्पॉट में केस इतने ज्यादा सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि कई इलाके ऐसे हैं जो अपने चरम पर पहुंच चुके हैं, दिल्ली ने अपने चरम को छू लिया है यही वजह है कि वहां केस कम होने लगे हैं, लेकिन कई क्षेत्र ऐसे हैं जिसने अपने पीक को अभी नहीं छुआ है, इसलिए वहां अभी भी बढ़ रहे हैं. वे कुछ दिनों में अपने चरम पर होंगे।

रणदीप गुलेरिया ने बताया कि कोरोना वायरस के वैक्सीन का ह्यूमन ट्रॉयल चल रहा है। पहले फेज का ट्रॉयल 18–55 साल के स्वस्थ लोगों पर होगा। जिनपर ट्रॉयल होना है ऐसे 1125 लोगों का सैंपल एकत्र किया जायेगा। पहले चरण में 375 और दूसरे चरण में 750 लोगों के सैंपल का अध्ययन किया जायेगा। कोरोना ग्रामीण इलाकों तक फैला रहा है जो बुरा संकेत है। यह दिखाता है कि कम्यूनिटी स्प्रेड शुरू हो चुका है।



### कोरोना ने एक नया रेकॉर्ड

भारत में सोमवार को कोरोना ने एक नया रेकॉर्ड बना दिया। बीते 24 घंटे में भारत में कोरोना के 40,425 नए केस सामने आए और 681 लोगों की मौत हुई है। आपको बता दें कि यह कोरोना केसों में अबतक की सबसे बड़ी उछाल है। इसी के साथ भारत में कोरोना के मामले 11 लाख के पार हो गए हैं। दिल्ली में कोरोना के नए मामलों में बड़ी गिरावट, पिछले 24 घंटे में 954 मामले सामने आए। रिकवरी रेट 84.78 प्रतिशत और डेथ रेट 2.96 प्रतिशत फीसदी हैं।

### रक्षा मंत्री के सामने पैरा ड्रापिंग अभ्यास

इंडियन मेडिकल असोसिएशन का कहना है कि देश में कोरोना का कम्यूनिटी ट्रांसमिशन शुरू हो चुका है। यानी हालात आगे और बिगड़ सकते हैं। कम्यूनिटी ट्रांसमिशन में संक्रमित शख्स को नहीं पता होता कि उसे वायरस कहां से मिला। ऐसे में वायरस का सोर्स ढूंढना मुश्किल हो जाता है जो चिंता बढ़ाता है। न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉक्टर वी के मोंगा ने यह बात कही थी। वह बोले कि अब कोरोना घातक रफ्तार से बढ़ रहा है। रोजाना केसों का नंबर करीब 30 हजार आ रहा है। देश के लिए यह सच में खराब स्थिति है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा रामदेव की कोरोना दवा मामले में हुई सुनवाई

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव के दिव्य फार्मेसी निर्मित कोरोना वायरस से निजात दिलाने की दवा के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई के लिए सोमवार 27 जुलाई की तिथि नियत की है। तब तक विपक्षीगणों से जवाब पेश करने को कहा है। सोमवार को अधिवक्ता मणि कुमार की जनहित याचिका पर न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवि कुमार मलिमथ व न्यायमूर्ति एनएस धनिक की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता का कहना है बाबा रामदेव कि दवा कम्पनी ने आईसीएमआर द्वारा जारी गाइड लाइनों का पालन नहीं किया।

### बेड कम पड़े, यूपी में भी होम क्वारंटीन को मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लखनऊ, गोरखपुर समेत कई बड़े जिले ऐसे हैं जहां बेडों की संख्या कम होती जा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना लक्षणों वाले मरीजों के लिए होम आइसोलेशन की मंजूरी दे दी है। मरीज कुछ शर्तों के साथ होम आइसोलेशन कर सकेंगे। इसके लिए प्रोटोकॉल जारी किया जाएगा।

### वोडाफोन बोला– कमाई खत्म है, सुको ने कहा– सीधे जेल भेजेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू मामले की सुनवाई करते हुए आदित्य बिड़ला ग्रुप की टेलिकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया को सख्त चेतावनी दी और यहां तक कहा कि अब वो कंपनी के अधिकारी को जेल भेज देगा। उधर, कंपनी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को बताया कि वोडाफोन आइडिया ने पिछले 15 वर्षों में जितना रेवेन्यू हासिल किया वो सब खत्म हो चुका है। ऐसे में रकम तुरंत चुकाना बूते के बाहर की बात है।

## ▪पिथौरागढ़ में बादल फटा ▪आपदा में तीन की मौत ▪पांच घायल, 11 लापता

# बंगापानी के छोरीबगड़ में आसमान से बरसी आफत

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। बंगापानी के छोरीबगड़ में रविवार रात्रि साढे तीन बजे के आसपास आसमान से भीषण आफत बरसी। क्षेत्र में काफी नुकसान होने के समाचार मिले है। शनिवार के बाद रविवार रात को सीमांत में बारिश ने फिर तबाही मचा दी। तहसील बंगापानी के टांगा और गैला गांवों में भारी भूस्खलन से मकानों के मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत हो चुकी है जबकि पांच घायल हैं। इसके अलावा 11 लोग लापता हैं। गैला गांव में मलबे से तीनों शव निकाल लिए गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। घटनास्थल पर एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व और आपदा प्रबंधन की टीम पहुंच चुकी है। थल–मुनस्यारी मार्ग, टनकपुर–तवाघाट हाईवे सहित चीन सीमा को जोडने वाले तीनों मार्ग बंद हैं।

रविवार शाम भी मुनस्यारी, बंगापानी और धारचूला तहसीलों में बारिश ने फिर कहर बरपाया। बंगापानी तहसील के दूरस्थ गांव गैला में तीन मकान मलबे की चपेट में आकर ध्वस्त हो गए। एक ही परिवार के 50 वर्षीय शेर सिंह पुत्र रतन सिंह, 45 वर्षीय गोविंदी देवी पत्नी शेर सिंह और 24 वर्षीय ममता पुत्री शेर सिंह की मौत हो गई।

बंगापानी तहसील के टांगा मुनियाल गांव में भी बारिश ने कहर बरपाया। पहाड़ से गिरे मलबे में तीन मकान दब गए। 11 लोग लापता हैं। एक ग्रामीण घायल है। मौके पर एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, आपदा प्रबंधन टीम के साथ आइटीबीपी के जवान भी पहुंच कर बचाव कार्य चला रहे हैं।

### लापता लोगों के नाम

जीत राम पुत्र हुड़किया राम, पार्वती देवी पत्नी जीत राम, रोशन कुमार पुत्र जीत राम, माधो सिंह पुत्र चंद्र सिंह, तुलसी देवी पत्नी माधो सिंह, हीरा देवी पत्नी गणेश सिंह, दिव्यांशु पुत्र गणेश सिंह ,लक्की पुत्री गणेश सिंह, पुष्पा देवी पत्नी भीम सिंह , प्रतिमा देवी पत्नी खुशाल सिंह हैं। नंदन सिंह घायल है। उन्हें पिथौरागढ़ जिला अस्पताल भेजा गया है।



### बचाव और राहत कार्य में न हो लापरवाहीः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि राहत और बचाव कार्य में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रभावित लोगों को राहत राशि प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं। सीएम ने बताया कि है एसडीआरएफ की दो टीमें राहत और बचाव कार्य में लगी हैं।

### बाता, मदकोट में दो मकान ध्वस्त

तीसरी घटना बाता, मदकोट की है। यहां दो मकान ध्वस्त हो गए। एक गाय और एक बकरी मलबे में दब गए हैं। दोनों परिवारों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। चौथी घटना सिरतोला गांव की है। यहां तीन मकानों में मलबा घुस गया। परिवार सुरक्षित हैं। सभी स्थानों पर खोज एवं बचाव दल तैनात हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

## वित्तीय सुविधा" योजना का प्रारंभ

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई "कृषि अवसंरचना निधि के तहत वित्तीय सुविधा" योजना से कृषि क्षेत्र में बडे सुधार लाने में सहायक होगी। इससे कृषि उद्यमियों, कृषि साख समितियों, विपणन सहकारी समितियों, इससे जुड़े स्टार्टअप को कम ब्याज पर ऋण और क्रेडिट गारंटी लाभ मिलने से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से किसानों को फायदा मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने यह भी स्पष्ट किया है कि इसमें वित्तीयन सुविधा के अंतर्गत 2 करोड़ रूपये तक के सभी ऋणों पर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज छूट प्रदान की जाएगी और 2 करोड़ रूपये तक के ऋणों के मामले में 'सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारण्टी फण्ड ट्रस्ट' के तहत पात्र ऋण–ग्रहीताओं के लिए क्रेडिट गारण्टी कवरेज भी उपलब्ध होगा।